## खबर संक्षेप



### जर्जर हो चुका छात्रावास भवन, हादसे का डर

**सिलौंडी।** शासकीय अनुसूचित जनजाति छात्रावास की बिल्डिंग पूरी जर्जर हो चुकी है । बारिश में छत से लगातार पानी टपक रहा है। लगभग 50 सीट वाले छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष भी अभी 5 वर्ष पहले बनाया गया है वह भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है ।अब वर्तमान सत्र आज से शुरू हो रहा है । जर्जर बिल्डिंग में अब बच्चे किस प्रकार रहेंगे। शिक्षा विभाग बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा। कक्षा नवमी से 12वीं तक के छात्र यह निवास करते हैं। भवन के हाल देखकर लगता है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। बारिश में से लगातार पानी टपकने का सभी बिस्तर गीले हो चुके हैं। भवन की छत और दीवारे भी खस्ताहाल हो चुकी है। छात्रावास अधीक्षक ने बताया कि विभाग को अनेक बार पत्राचार किया गया है फिर अभी तक बिल्डिंग की मरम्मत नहीं कराई गई है जिसके कारण छात्रों को रहने में बहुत तकलीफ हो रही है।

### फीस के अलावा अतिरिक्त चार्ज वसूलने की शिकायत की जांच हेतु समिति गठित

**कटनी।** जे.पी.वी. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल द्वारा फीस के अलावा अतिरिक्त चार्ज वसूलने से संबंधित शिकायत की जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर डी.ई.ओ. नें जे.पी.वी.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल द्वारा फीस के अलावा अतिरिक्त चार्ज वसूलने से संबंधित प्राप्त शिकायत की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। इसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटनी धनश्री जैन प्राचार्य, शासकीय उच्चतर वियालय माध्यमिक पहाड़ी निवार और जिला व्यावसायिक समन्वयक में राकेश बारी शामिल है। । यह जांच समिति 7 दिन के भीतर जांच प्रतिवेदन सौपेगी। साथ ही समिति मध्य प्रदेश के निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का पालन विनियमन नियम में वर्णित प्रावधानों की स्थिति की जांच करेगी।

### जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने चार जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने एसीसी रोड में प्रकाश सिंह निवासी संजय नगर, पूरन सिंह निवासी संजय नगर, रामजी तिवारी निवासी चांदमारी अमीरगंज, अजय कोल संजय नगर को जुआ खेलते पकड़ा। जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

---

### जिले के इतिहास में सभी 526 निजी स्कूलों की पहली बार हो रही व्यापक जांच, मचा हड़कंप

# निजी स्कूलों में फर्जी आईएसबीएन नंबर की पाठ्य पुस्तकों एवं फीस नियमों की जांच करने दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले के निजी विद्यालयों में फर्जी व डुप्लीकेट आई एस बी एन पाठ्य-पुस्तकों को अपने स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करने और मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन,नियम तथा शासन के निर्देशों के उल्लंघन संबंधी जांच हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने शिक्षा विभाग के 30 अधिकारियों की जांच समिति गठित की है।

जिले के इतिहास में निजी स्कूलों की जांच की यह अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही बताई जा रही है। इससे जिले के निजी स्कूल संचालकों और प्रबंधकों में हड़कंप मच गया है।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा गठित जांच दल निजी स्कूलों में संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्य-पुस्तकों में फर्जी आई एस बी एन नंबर की पुस्तकों के चलन में होने की जांच करेगा। साथ ही विगत सत्रों 2020-21,2021-22,2022-23,2023-24,एवं के संपरीक्षित अडिटेड लेखों की जानकारी तथा फीस संरचना कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदो की जानकारी पोर्टल पर अपलोड होने सहित जिले की निजी स्कूलो द्वारा सत्रवार फीस वृद्धि की जांच करेगी। जांच समिति मध्यप्रदेश प्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयो का विनियमन, नियम 2020 में उल्लेखित विषयों की भी जांच करेगी।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा गठित जांच समिति शासन की स्कूल बैग पॉलिसी के तहत कक्षावार तय मानको के अनुसार कक्षावार बस्तों के वजन की भी जांच करेगी। साथ ही निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेशित छात्रों से यदि किसी भी प्रकार की फीस आदि ली गई है, तो उसके भी साक्ष्य विवरण दर्ज करेगी। इसके अलावा निजी विद्यालय की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड मे पाठय पुस्तकें, स्टेशनरी, पठन सामग्री,बैज, यूनिफार्म, स्पोर्ट्स किट, ट्रांसपोर्ट सुविधा फीस आदि के प्रदर्शित करने की भी जांच करेगी। स्कूल बसों की परिवहन अनुमतियां आदि मामलों को भी देखा जायेगा।

### ये अधिकारी करेंगे जांच

कलेक्टर द्वारा तय जांच बिंदुओं पर जांच कार्य करने के लिए अधिकारियों का कार्य क्षेत्र भी तय किया गया है।

इसके तहत विकासखण्ड कटनी के संकुल केंद्र शासकीय की उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनकेजे के अंतर्गत संचालित सभी निजी स्कूलों की जांच का दायित्व प्राचार्य डाइट एम'.पी डुगडुग, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनकेजे राजकुमारी चक्रवर्ती, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा कला के अंगद साहू और संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेकटवार्ड एवं पिपरौध के तहत संचालित सभी अशासकीय विद्यालयों की जांच बी.ई.ओ. कटनी धनश्री जैन, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुआ नीरजा मीता अरनाल्ड एवं बी. आर.सी. कटनी मनोज गौतम करेगें।

जबकि विकासखंड कटनी के ही संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्हवारा एवं कैलवारा के अंतर्गत संचालित निजी स्कूलों की जांच बी.ई.ओ. बड़वारा जतिन लोहोरिया, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवाराकला एम.पी. गुप्ता, प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल कुठला राकेश खरे तथा संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिविल लाइन के तहत संचालित निजी स्कूलों की जांच बी.ई.ओ ढीमरखेड़ा एस.एस. मरावी प्राचार्य, शासकीय उ. माध्यमिक विद्यालय सिविल लाइन राजेश तिवारी एवं प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मझगवां दिलीप पयासी और संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलुआ बरखेड़ा के तहत संचालित सभी निजी विद्यालय की बिंदुवार जांच का दायित्व बी.ई.ओ रीठी प्रवीण तिवारी,प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरखरी नंबर-1 बी.एल. रोहित व प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सिंघनपुरी दिनेश तिवारी को सौपा गया है।

इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत संचालित निजी विद्यालयों की जांच बी.ई.ओ. बड़वारा जतिन लाहोरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के डॉक्टर विजय पटेल व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझगवां रचना तिवारी तथा विकासखंड रीठी के निजी विद्यालयों की जांच बी.ई.ओ.रीठी प्रवीण तिवारी, प्राचार्य उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय रीठी भारत सिंह, एवं बी. आर. सी.रीठी राकेश सिन्नकर करेंगे।

विकासखंड विजयराघवगढ़ में संचालित सभी निजी विद्यालयों की जांच बी.ई.ओ. विजयराघवगढ़ आनंन कोरी, प्राचार्य शासकीय उ. माध्यमिक विद्यालय भैंसवाही डॉ. अनिल मिश्रा एवं बी. आर. सी. सी. मरकाम द्वारा जांच की जाएगी।वहीं विकासखंड बहोरीबंद के निजी स्कूलों की जांच का दायित्व बी.ई.ओ. ढीमरखेड़ा एस.एस. मरावी, प्राचार्य शासकीय उच्चतर शासकीय उ.मा. विद्यालय इमलिया सुधा दुबे एवं बी.आर.सी. बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा तथा विकासखण्ड ढीमरखेडा के निजी स्कूलो की जांच दल में बी.ई.ओ. सयुक्ता उइके , बी.आर.सी ढीमरखेड़ा प्रेम कोरी एवं प्राचार्य शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. उमारियापान मुकेश पटेल को जांच का दायित्व सौपा गया है।

---

### महाविद्यालय बरही में आज से सत्र का होगा प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। डॉ अरविन्द सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 एवं अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 से संबंधित विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया जायेगा। डॉ आर जी सिंह ने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थी शिक्षकों से भी परिचित होगे तथा महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी। प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ नव प्रवेशित विद्यार्थियों को प्राप्त कर सकेंगे। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की भी जानकारी दी जाएगी।

---

**अधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण**

## पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों की अहम भूमिका, 95 हजार पौधों को रोपने का लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा



हर वर्ष की तरह मानसून की शुरूआत होते ही वन विभाग ने पौधारोपण कार्यक्रम शुरू कर दिया है।वन विभाग द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के तहत ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र में पौधारोपण किया गया। सामान्य वन मंडल कटनी के वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाली सिंघनपुरी बीट P-385 के 30H और उचेहरा बीट O-646 के 40H में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधारोपण किया।पौधारोपण कार्यक्रम में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधें लगाने चाहिए।पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है।गर्मी में छाया होती हैं। वर्षा अधिक होती है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है।इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करनी चाहिए।वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि इस बार ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत अलग अलग क्षेत्रों में 95 हजार पौधें लगाएं जाएंगे। अभी तक सात हजार पौधें लगाए जा चुके है। बारिश की शुरुआत हो चुकी है,अब निरंतर पौधारोपण किया जाएगा। जंगलों को मजबूत करने, पर्यावरण में सुधार, शाकाहारी वन्य प्राणियों व पक्षियों की भोज श्रृंखला बनाए रखने के उद्देश्य से हर तरह की प्रजाति के पौधे लगाए जाएँगे। जिसमें सागौन, आँवला, नीम, हर्रा, बहेड़ा, महुआ, बरगद, पीपल के साथ आम, बिही व अन्य फलदार-फूलदार पौधों को प्राथमिकता के साथ लगाया जाएगा

---

### एमजीएम हास्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



कचेहरी चौक स्थित एमजीएम हॉस्पिटल के द्वारा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. पंकज गुप्ता एवं वरिष्ठ दन्त रोग चिकित्सक डॉ. मानसी गुप्ता द्वारा चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में बीएमडी ( बोन मिनरल डेंसिटी) टेस्ट, यूरिक एसिड की जांच नि :शुल्क की गयी . शिविर में सैकड़ों मरीजों को उचित सलाह दी गयी। डॉ. पंकज गुप्ता द्वारा बताया गया कि नियमित व्यायाम एवं संतुलित आहार के प्रयोग से हड्डी के रोगों से बचा जा सकता है।

---

## आज से लागू होंगे 3 नये कानून, पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य सुरक्षा अधिनियम में किए गए संशोधन एक जुलाई से लागू हो रहे हैं। रविवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने इन तीनों कानूनों में किए गए संशोधन की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अलग-अलग स्तरों पर अलग-अलग श्रेणी के कर्मचारियों को तीनों कानूनों के संशोधन के संबंध में जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई का दिन ऐतिहासिक है।

खासकर अपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में जो औपनिवेशिक परंपराएं हमारे पुलिस विभाग के साथ और पूरी न्याय प्रक्रिया के साथ ही जुड़ी हुई थी, उससे पीछा छुड़ा रहे हैं। हम एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं। जिसमें जन केन्द्रित, पीड़ित केन्द्रित और समाज के कमजोर वर्गों पर केन्द्रित न्याय विधान का प्रावधान क्रियान्वित हो जाएगा।

### समाज व राष्ट्र हित में एक क्रांतिकारी कदम होगा

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि नए प्रावधान आम लोगों के हित में, विभाग के हित में और समाज और राष्ट्र के हित में एक क्रांतिकारी कदम होगा।

नए कानून में आरोपियों के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें और दूसरों को भी जागरूक करें। पीड़ित पक्ष को न्याय समय पर मिले। पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। लोगों के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा मिल सकें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस, विवेचक, प्रार्थी, गवाह, पीड़ित सबके लिए एक अच्छा परिवर्तन है। एक जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नए कानून के के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा।

---

**बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए अलग अलग वैराइटियां**

## रेनकोट, छाता सहित तिरपाल के बाजार में आई रौनक, सामग्री से सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



बरसात शुरू होते ही छतरी और रेनकोट की पूछ-परख शुरू हो गई है। घरों की छत पर लगाने व बारिश में ढंककर चलने के लिए रेनकोट की भी मांग बढ़ गई है। इसके अलावा परिवहन के कार्य में लगे लोग तिरपाल की भी पूछपरख कर रहे हैं। बारिश की दस्तक के साथ ही छतरी और रेनकोट का बाजार सज गया है। वहीं बरसाती जूते व पॉलीथीन की बिक्री भी शुरू गई है। बच्चों के लिए रंगीन छतरी 150 रुपए से 200 रुपए में मिल रहा है, वहीं बड़ों की छतरी 80 रुपए से 250 रुपए के भाव से बिक रही है। इसी तरह रेनकोट दो सौ रुपए से एक हजार रुपए तक बाजार में उपलब्ध है। बरसात में पॉलीथीन का उपयोग कई तरह से किया जाता है। छप्पर के मकानों में पॉलीथीन का उपयोग होता है, वहीं कच्चे घरों में इसकी विशेष पूछपरख होती है। गरीब तबके के लोग कम खर्च में बरसात से बचने के लिए पॉलीथीन का लंबा थैला बनाकर बारिश से बचाव करते हैं। कच्ची घरों में रहने वालों के अलावा दुकानदारों, हाथठेला, टपरा, चाय नाश्ता वाले भी बारिश से बचने के लिए तिरपाल का उपयोग भी करते हैं, बाजार में तिरपाल की कीमतें भी अलग अलग है। छतरी, रेनकोट के अलावा बरसाती जूते, चप्पल व बाइक के लिए पालीथीन से बने सीट कव्हरों की मांग भी बढ़ गई है। दुकानदारों ने बताया कि बरसाती सामाग्रियों की मांग शुरू गई है। छतरी, रेनकोट, पॉलीथीन, तिरपाल आदि की बिक्री हो रही है। बरसाती सामाग्रियों का भाव पिछले साल की अपेक्षा कुछ बढ़ा है। बारिश आते ही बाजार में रेनकोट की मांग बढ़ जाती है। रैनकोट में आजकल पुरुषों के लिए पेंट शर्ट और महिलाओं के लिए लांग कोट चलन में है। प्लास्टिक की ट्रांसपेरेंट पेंट शर्ट और लांग कोट लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यह सस्ता भी होता है।

---

### किसानों से 31 जुलाई तक होगी ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द की खरीदी

## जिले के 11 केन्द्रों में होगा खरीदी कार्य, समर्थन मूल्य किया गया निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द का उपार्जन 31 जुलाई तक किया जाएगा। कलेक्टर अवि प्रसाद ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर प्रत्येक तहसील में उपार्जन केन्द्र बनाया है।इस प्रकार जिले में कुल 11 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं।

### उपार्जन संस्था व स्थल

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनी में प्राथमिक कृषि साख समिति चाका कैलवाराकलॉ उपार्जन संस्था और रूचि वेयर हॉउस सी डब्ल्यू सी को उपार्जन स्थल बनाया गया है।इसी प्रकार कटनी नगर में विपणन सहकारी संस्था कटनी उपार्जन संस्था और सी डब्ल्यू सी वेयर हॉउस इन्द्रा नगर कटनी उपार्जन स्थल बनाया गया है।स्लीमनाबाद में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति स्लीमनाबाद उपार्जन संस्था एवं तिवारी ब्रदर्स वेयर हाउस 54 स्लीमनाबाद उपार्जन स्थल और ढीमरखेडा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति ढीमरखेडा को उपार्जन संस्था व काशी वेयर हाउस 78 मुरवारी को उपार्जन स्थल , ढीमरखेडा तहसील में ही प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया को उपार्जन संस्था एवं शिवान्या वेयर हॉउस 79 झिन्ना पिपरिया को उपार्जन स्थल तथा बड़वारा तहसील में किसान सहकारी विपणन समिति बडवारा को उपार्जन संस्था एवं वमिका वेयर हाउस 125 गुंडाकलां को उपार्जन स्थल तथा बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला को उपार्जन संस्था एवं ललिराज वेअर हाउस -106 बरही को उपार्जन स्थल एवं

बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद को उपार्जन संस्था व एस डब्ल्यू सी वेयर हाऊस 144 को उपार्जन स्थल और बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति कुँआ को उपार्जन संस्था और नरसिंह वेयर हाउस जुजावल को



उपार्जन स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार विजयराघवगढ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति सिंगौडी को उपार्जन संस्था एवं अन्नपूर्णा वेयर हाउस 133 डोकरिया को उपार्जन स्थल के अलावा रीठी तहसील में कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी को उपार्जन संस्था एवं सांईराम वेयर हाउस 140, ग्राम देवगांव को उपार्जन स्थल बनाया गया है।

### यह है समर्थन मूल्य

उपार्जन नीति के अनुसार औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन हेतु समर्थन मूल्य क्रमशः 8 हज़ार 558 रूपए प्रति क्विंटल तथा उड़द का समर्थन मूल्य 6 हजार 950 रूपए-प्रति क्विंटल निर्धारित है।उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8.00 बजे से सांय 8.00 बजे तक किया जायेगा।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि फसल हेतु निर्धारित एफ ए क्यू अनुसार ही केन्द्र में आनी वाली आवक का उपार्जन किया जाना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्र संचालन संस्था द्वारा केन्द्र पर आवश्यक भौतिक संसाधन की व्यवस्था की जावे, वर्षा कालीन स्थिति को देखते हुये गुणवत्ता युक्त वॉटरप्रूफ तिरपॉल,कव्हर की व्यवस्था करें, जिससे वर्षा की स्थिति में उपार्जित स्कंध गीला न हो। उपार्जन केन्द्र पर एम एस पी एफ ए क्यू तथा निर्मस उपार्जन एवं भुगतान की प्रक्रिया को स्थानीय भाषा में प्रचार-प्रसार हेतु डिस्प्ले कराना अनिवार्य है।केन्द्र पर पीने के पानी एवं शौचालय की व्यवस्था की जावे।केन्द्र पर हार्डवेयर एवं तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था की जावे। केन्द्र पर किसानों की उपज को छनाई एवं साफ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

### ये दस्तावेज केन्द्र में लाना जरूरी

कृषकों को अपने उपज विक्रय के समय उपार्जन केन्द्र पर आधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड खातें से लिंक बैंक खाता नंबर,आई.एफ.सी. कोड एवं शाखा, समग्र सदस्य आई.डी की प्रति (न होने की दशा में पेन कार्ड की प्रति), वनाअधिकार पट्टाधारी को पट्टे की प्रति, किसान पंजीयन पर्ची का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट, खसरे,ऋण पुस्तिका (मोबाईल ऐप से पंजीयन कराने वाले किसानों हेतु) दस्तावेज जमा करना होगा, जिनका मिलान केन्द्र प्रभारी द्वारा किया जायेगा एवं मिलान होने के उपरांत कृषक तौल पर्ची जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। जिन कृषकों द्वारा पंजीयन के समय उक्त दस्तावेज दिये गयेक्षहै, उनकों पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

---

## बडवारा में भारत निर्माण कोचिंग आज से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग चौप्टर बड़वारा का 1 जुलाई से शुभारंभ हो जाएगा। कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से निजी क्षेत्र की कंपनी अल्ट्रा टेक के सहयोग से यहां बडवारा में 50 छात्रों की क्षमता वाला कोचिंग सेंटर शुरू हो जाएगा।

बडवारा की भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु शनिवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में 254 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दिया। प्रवेश परीक्षा के आयोजन का निरीक्षण करने स्वयं विधायक बडवारा श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह पहुंचे थे।50 सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मेरिट में आने वाले प्रथम 50 छात्रों को भारत निर्माण कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्री प्रसाद और विधायक श्री सिंह ने बडवारा में भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग शुरू करने के लिए 13 जून को स्थल चयन किया था।

### स्लीमनाबाद में भी जल्द

स्लीमनाबाद में भी भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग चौप्टर जल्दी ही शुरू होगा। यहां की कोचिंग कक्षाओं के संचालन हेतु भी कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल पर निजी क्षेत्र की कंपनी ने दिलचस्पी दिखाई है। स्लीमनाबाद में भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग 16 से प्रारंभ होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। छात्रों से पंजीयन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। बताया जा रहा है कि अब तक करीब ढाई सौ से अधिक छात्र -छात्राओं ने पंजीयन फार्म भर दिया है।

**खबर संक्षेप**

## श्रीअन्न उत्पादकों के लिए प्रोत्साहन योजना लाभकारी होगी

**कटनी।** श्री अन्न के विस्तृत बेहतर विपणन एवं श्री अन्न को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की जा रही है। जिसके अन्तर्गत श्री अन्न प्रोत्साहन कृषक उत्पादक संगठन महासंघ द्वारा एफ.पी.ओ. के माध्यम से कोदो एवं कुटकी का क्रय किया जावेगा। कृषकों को इस वर्ष 20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कोदो एवं 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुटकी का भुगतान संबंधित एफ.पी.ओ. के द्वारा किया जावेगा। कृषकों को 10 रुपए किलोग्राम की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया जावेगा। इस योजना के तहत उन्नत प्रमाणित बीजों पर 80 प्रतिशत अनुदान देय होगा। अतः कृषि विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि श्री अन्न फसलों को अधिक से अधिक उपजाएं एवं योजना का लाभ प्राप्त करें।

## आधार ई-केवाईसी के पश्चात ही मिलेगा योजना का लाभ

**कटनी।** शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान हेतु मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता हेतु निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवायसी तथा योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार पर आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। उक्त व्यवस्था अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही की आधार ई-केवायसी कराए जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही को योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान सक्षम अधिकारी द्वारा ईपीओ जारी कर डिजीटल साईन के पश्चात हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में ही प्राप्त होगा।

## विशेष अभियान के दौरान साढ़े चार हज़ार प्रकरण निपटे

**कटनी।** जिले के किसानों के अर्से से लंबित सीमांकन प्रकरणों का तेजी से निपटारा हो रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विशेष अभियान चलाकर सीमांकन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन सौ से अधिक सीमांकन प्रकरण निराकृत किये जा रहे हैं।इस प्रकार अब तक 4 हजार 539 सीमांकन निपटाये जा चुके हैं। कलेक्टर द्वारा सीमांकन मामलों के निराकरण हेतु चलायें जा रहे अभियान के दौरान तहसील ढीमरखेड़ा में अब तक 662 प्रकरण निपटाये जा चुके हैं।इस प्रकार ढीमरखेड़ा तहसील सीमांकन मामलों के निपटारे में जिले में अव्वल है। जिले की विजयराघवगढ़ तहसील में 549, स्लीमनाबाद तहसील में 532,रीठी तहसील में 525और कटनी नगर में 504 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया गया है। इसके अलावा बरही तहसील में 484, बहोरीबंद तहसील में 479 और बडवारा तहसील में 445 तथा कटनी तहसील में 359 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

## ओवरब्रिज में दो मोटर साइकिलों में हुई टक्कर, 4 युवक घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत मिशन चौक ओवरब्रिज पर देर शाम 2 बाइक चालक आपस में टकरा गए। हादसे में 4 युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। ब्रिज की टर्निंग पर बाइक्रो मे यह भिड़ंत हुई जो इस ओव्हर ब्रिज का खतरनाक एक्सिडेंटल प्वाइंट है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र क्रे मिशन चौक ओवर ब्रिज क्रे चांडक चौक की टर्निंग मोड़ पर दो मोटर सायकल मे जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमे चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते हैं बस स्टेण्ड चौकी प्रभारी स्टॉफ सहित मोके पर पहुँच गए और घायलों क्रो एम्बुलेंस 108 से जिला अस्पताल इलाज क्रे लिए भिजवाया।

### राजस्व विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का संयुक्त दल गठित

# बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के निपटान व्यवस्था के निरीक्षण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के 31 प्राइवेट नर्सिंग होम्स से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के प्रोटोकॉल के तहत निपटान व्यवस्था का जायजा लेने और निरीक्षण करने के दिए निर्देश के पालन में राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों का संयुक्त दल गठित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी द्वारा इस संबंध मे जारी आदेश में गठित दल को 31 नर्सिंग होम, अस्पतालों के बायोमेडिकल प्रबंधन का निरीक्षण प्रतिदिन 3 बजे से 5 बजे तक करते हुए तीन दिवस मे प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

### गठित दल को आवंटित नर्सिंग होम

एस.डी.एम कटनी एवं सी.एम.एच.ओ द्वारा जारी आदेशानुसार बी.के.मिश्रा तहसीलदार कटनी एवं डॉ डी.जे. मोहंती जिला स्वास्थ्य अधिकारी -2 को जिन 12 नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के निरीक्षण का दायित्व सौपा गया है। इनमें श्री हॉस्पिटल मदन मोहन चौबे वार्ड, स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल यूनिट श्री सती हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड शनि मंदिर के पास हीरागंज, स्टार रिकवरी होम 33,34 और बी-35 दुबे कॉलोनी बरगवां, कटनी लाईफ केयर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर यूनिट नर्मदांचल केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 66 माधवनगर, गुप्ता नर्सिंग होम न्यू ए.सी.सी कॉलोनी, जीवन ज्योति हॉस्पिटल - एसआर 14, जीवन ज्योति हॉस्पिटल हाउसिंग बोर्ड, जी.डी मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल डन कॉलोनी बरगवां, जी.जी नर्सिंग होम यूनिट जीजी नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड मदन मोहन चौबे वार्ड बरगवां, बाबा माधव शाह चिकित्सालय-34 नारायण शाह वार्ड माधवनगर, अपेक्स हॉस्पिटल यूनिट जर्मन स्विफ्ट प्राईवेट लिमिटेड मदन मोहन चौबे वार्ड, मां लक्ष्मी हास्पिटल राय कालोनी मोड दुगाडी नाला और पुष्पांजलि नर्सिंग होम डन कॉलोनी शामिल है।

जारी आदेशानुसार गठित द्वितीय दल में नायब तहसीलदार मझगवां आकाश नामदेव एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेश केवट को जिन 6 नर्सिंग होम के बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के निरीक्षण कार्य का दायित्व सौंपा गया है उनमें चांडक हॉस्पिटल चांडक चौक, एपीसीए नर्सिंग होम जगमोहनदास वार्ड, आशीर्वाद नर्सिंग होम जयप्रकाश वार्ड, बजाज मेटरनिटी एंड इनर्फटीलिटी सेंटर संत नगर, धर्मलोक हॉस्पिटल प्राईवेट लिमिटेड आदर्श कॉलोनी और डॉ रूपा लालवानी नर्सिंग होम नई बस्ती शामिल है।

इसी तरह तृतीय दल में तहसीलदार कन्हवारा शिवभूषण सिंह एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ शैलेन्द्र दीवान को 7 नर्सिंग होम हरचंदानी हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम नई बस्ती, कटनी नर्सिंग होम जय प्रकाश वार्ड, ओम शांति हॉस्पिटल, मॉ दुर्गा हॉस्पिटल और शारदा हॉस्पिटल आदर्श कॉलोनी, वर्धमान हॉस्पिटल जालपा वार्ड, रंजन हॉस्पिटल जयप्रकाश वार्ड में बायोमेडिकल प्रबंधन का निरीक्षण करने का दायित्व प्रदान किया गया है। जबकि गठित चतुर्थ दल मे तहसीलदार अजीत कुमार तिवारी एवं जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ समीर सिंधई को जिन 6 नर्सिंग होम के बायोमेडिकल प्रबंधन का निरीक्षण कार्य का दायित्व सौंपा गया है। उनमें गौरी हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी होम खिरहनी फाटक, एम.जी.एम हॉस्पिटल कचहरी चौराहा, नवजीवन हॉस्पिटल रबर फैक्ट्री रोड, गुरुकृपा हॉस्पिटल बी.डी अग्रवाल वार्ड, वैश्य हॉस्पिटल सिविल लाईन और विजय मेमोरियल हॉस्पिटल राम मनोहर लोहिया वार्ड बस स्टैंड शामिल है।

# नेत्र परीक्षण कर चश्मों का नि:शुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सर्वधर्म जनसेवा मंच समिति एंव समरिटन हास्पिटल दोंनो के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व मे निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कटनी जिले को मोतियाबिन्द मुक्त बनाना है इस आयोजित नेत्र शिविर में सतना हास्पिटल डॉ जितेन्द्र शुक्ला, डॉ अरूण आर्या एवं कटनी मुख्य चिकित्सालय नवीन संजीवनी प्रभारी डॉ अरुण शुक्ला, सिस्टर अंशी दुबे द्वारा उक्त शिविर मे लगभग 200 लोगो के नेत्रों की जांच-पड़ताल कर उन्हे स्वास्थ्य संबंधित सर्दी-जुकाम ,सिरदर्द,कमर दर्द,बुखार खांसी की निशुल्क दवा दी गई और डॉ जितेन्द्र शुक्ला द्वारा महिलाओ और पुरूष बच्चों के नेत्रों की जांच कर उन्हे निशुल्क चश्मे और आई ड्राप दी गई।

उक्त अवसर पर नेत्र जांच-पड़ताल पर पांच लोग मोतियाबिन्द पाये गये जिन्हे निःशुल्क सतना समरिटन हास्पिटल उनका निशुल्क आपरेशन कर उनके रहने खाने का भी निःशुल्क इंतजाम किया जायेगा और उसी वाहन से उन्हे नवीन संजीवनी हास्पिटल पर छोड दिया जावेगा। रेखा अंजू तिवारी ने उपस्थित सभी लोगों और बच्चो को अपने जीवन को सुखमय बनाए रखने और आसपास गंदगी को ना फैलाये रखने के लिए प्रेरित किया और कुछ भी खाने पीने से पहले अपने हाथो को साबुन से अच्छी तरह से धोकर खान-पान का ध्यान रखने की समझाइश दी गई।

## अलग अलग स्थानों से जुआरियों को पकड़ा

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने सब्जी मंडी मोबाइल दुकान के सामने शिवम अग्रवाल निवासी न्यू फार्चुन सिटी आदर्श कॉलोनी, नितिन राजवानी को हारजीत का दाव लगाते हुए पकड़ा है। इसी प्रकार गर्ग तिराहा के पास वीरू उर्फ मुकेश कछवाहा निवासी कैलवारा हाल सब्जी मंडी, राहुल सोनी निवासी आजाद चौक, मनीष सोनी निवासी गांधीगंज को जुआ खेलते पकड़ा है। गर्ग चौराहा के पास ही ओम सोनी निवासी सुभाष चौक, आशीष उर्फ लाल बहादुर पटेल निवासी दुर्गा चौक को जुआ खेलते पकड़ा है।

### सुदर्शना क्लब द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया अपना टैलेंट, रिचा बनी समर क्वीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सुदर्शना क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में माँ सरस्वती का पूजन माल्यार्पण मीना शर्मा ,ममता भार्गव, महिमा अग्रवाल संरक्षिकाओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अगले क्रम में मातृ शक्ति अतिथि जोधपुर से पधारी ऊषा भार्गव एवं उत्तरप्रदेश पनवाडी से पधारी केसरदेवी गुप्ता का स्वागत पुष्पुच्छ भेंट कर अन्नू सरावगी एवं आकाँक्षा सरावगी द्वारा एवं संस्था अध्यक्ष मीरा भार्गव के साथ ही संरक्षक मण्डल के सभी सदस्य क्रमश सरोज नायक, रंजना बहरे ,सुनीता चौदहा, मीना शर्मा, महिमा लहरिया, हीरामणि बरसैन्या, मीना खण्डेलवाल ,ममता भार्गव , आशा भार्गव अनुपमा भार्गवा, प्रिया भार्गव का स्वागत आयोजक मण्डल द्वारा पुष्प गुछों से किया किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजक ग्रुप द्वारा 2 राउंड कैटवॉक के बाद सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के तीसरे चरण में समर क्वीन प्रतियोगिता आरंभ हुई जो 6 राउंड में सम्पन्न हुई ।जिसमे दर्शकों के साथ ही प्रतियोगियों ने भी एन्जॉय किया। हरे भरे भार्गव गार्डन प्रेम वाटिका में प्रकृति के सुरम्य वातवरण शीतल मंद आह्लादकारी पवन झकोरे के मध्य देर तक चली इस प्रतियोगिता में सुदर्शनाओं ने अपने रूप का हुनर का टेलेंट का जलवा बिखराया। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार के साथ ही विजेताओं और सभी प्रतियोगियों को उनके गुण विशेष के अनुरूप अवार्ड दिए गए ।

प्रथम सुदर्शना समर क्वीन अवार्ड रिचा बाजपेई, सैकेंड रनरअप –नीतू गुप्ता, प्रथम रनरअप –नीति वर्मा, समर क्वीन –श्रीमती रिचा बाजपेई, लकी क्वीन –श्रीमती आकाँक्षा बरसैन्या, बेस्ट ड्रेसअप-मेकअप-अवार्ड, श्रीमती रूबी बरसैन्या, बेस्ट डान्स अवार्ड – प्रियंका गुप्ता, बेस्ट स्माइल अवार्ड – नीरू बाजपेई, बेस्ट हेयर स्टाइल अवार्ड ,, आरती चौबे, बेस्ट सिंगिग अवार्ड – शोभा राय, ओल्ड इज गोल्ड अवार्ड हीरामणि बरसैन्या, बेस्ट टैलेंट अवार्ड – शशी दुबे को प्राप्त हुआ ।

## ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया पौधारोपण



भाजपा ज़िलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी के मुख्य आतिथ्य में महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी गणमान्य जनों द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पूरे सप्ताह बलिदान दिवस मनाए जाने की श्रृंखला में बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पौधा अपनी मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंशा अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में वार्ड की माताएं बहने से मिलकर एक–एक पौधा रोपित कराया गया एवं इस शहर को हरा भरा रखने का संकल्प लिया जिस तरह मां अपने बच्चों की सेवा करती है इस तरह सभी लोग मिलकर इन पौधों को बच्चों की तरह पाल–पहल कर बड़ा करने का संकल्प लिया।

# कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिये दो नई योजनाएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिये 02 नई योजनाएं प्रारंभ की गई है। पहली "भवन एवं अन्य संनिर्माण दिव्यांग सहायता अनुदान योजना एवं दूसरी "भवन एवं अन्य संनिर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना। पंजीकृत श्रमिकों को ई-स्कूटर की खरीदी के लिये क्रय मूल्य का 50 प्रतिशत जो कि अधिकतम 40 हजार रुपये होगा, की सहायता दी जायेगी। जबकि दिव्यांगजन श्रमिकों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों की दिव्यांगता की स्थिति में मोटर चलित तिपहिया साइकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि जो कि अधिकतम 35 हजार रुपये होगी, प्रदान की जायेगी। इसके लिये श्रम विभाग द्वारा 14 जून 2024 को राजपत्र में प्रकाशन किया गया है।

योजना की शर्तों के अनुसार दिव्यांग श्रमिक के पारा 40 प्रतिशत दिव्यांगता का यूडीआईडी स्थाई कार्ड होना चाहिये, जो कि 01 अप्रैल 2023 या इसके पश्चात बना हो। मोटर चालित साइकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण आर्टिफिशियल लीम्ब्रा मेनुफेक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा निर्मित होने चाहिये। पंजीकृत श्रमिक एवं उसके परिवार के एक सदस्य को सिर्फ एक बार इस योजना का लाभ मिलेगा। कर्मकार कल्याण मण्डल के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर इस योजना का लाभ 30 दिन के अंदर मिलेगा। ई-स्कूटर के लिये निर्माण श्रमिक का पंजीयन 05 साल पुराना होना अनिवार्य होगा। ई-स्कूटर के आरटीओ में रजिस्ट्रेशन का खर्च आवेदक श्रमिक को ही उठाना होगा। क्रय करने के बाद कर्मकार मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन करना होगा। जिसमें क्रय बिल, रजिस्ट्रेशन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस अपलोड करना होगा। 10 दिन के अंदर डीबीटी के तहत अनुदान राशि आवेदक के बैंक खाते में भेजी जायेगी। एक वित्त वर्ष में एक हजार श्रमिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा तथा इसमें 60 ई-स्कूटर दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रहेंगे। शेष आवेदको को अगले वित्त वर्ष में योजना का लाभ दिया जायेगा। उक्त दोनों योजनाओं में क्रय के बाद मोटर चलित साईकिल एवं ई-स्कूटर 03 वर्ष तक बेची नहीं जा सकेगी।

### बादलों के डेरो से गर्मी से तो राहत लेकिन खेती के लिए नुकसान

# जिले में अजीब है बारिश, कहीं झमाझम हो रही तो कहीं रिमझिम तक ही सिमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में इस बार सक्रिय मानसून का अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। बीते करीब एक सप्ताह से बादलों ने डेरा डाल रखा है लेकिन हैरानी की बात यह है कि कहीं झमाझम बारिश हो रही है तो कहीं रिमझिम फुहारे ही पड़ रही हैं। मानसून के सक्रिय होने से उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन खेती किसानी के हिसाब से बारिश उपयुक्त साबित नहीं हो पा रही है। जिले की कुछ तहसील क्षेत्रों में बारिश ठीक ठाक है तो कुछ में बारिश के लिए टकटकी लगी है।

मानसून ने दस्तक तो जरूर दी लेकिन जिले के लोगों को अभी भी बारिश का इंतजार है। बीते कुछ दिनो से दिनभर आसमान में बादल तो छाए रहे लेकिन वे बगैर बारिश किए ही गुजर रहे है। बीच बीच में मौसम साफ नजर आया और चटख धूप खिली जिसके चलते लोग उमस भरी गर्मी से परेशान नजर आ रहे है। कूलर-पंखे भी उन्हें गर्मी से राहत नहीं दिला पा रहे है। लेकिन बीते चार पांच दिनों से आसमान में बादल छाए हुए है जिससे उमस भरी गर्मी राहत है। आषाढ़ माह प्रारंभ हो चुका है। पहला पखवाड़ा धीरे धीरे अब खिसकने वाला है। ऐसे में किसान बोवनी को लेकर थोड़े परेशान नजर आ रहे हैं।

जिन क्षेत्रों में बारिश ठीक ठाक हो गई वहां खेतों में नमी आ जाने के चलते जुताई कार्य भी शुरू हो गया है लेकिन अन्य तहसील क्षेत्रों में किसान बोवनी के लिए बारिश की उम्मीद लगाये बैठे हैं। किसानों को इस वर्ष मानसून के मेहरबान रहने की उम्मीद थी, लेकिन उनकी उम्मीदों पर इंद्रदेव ने पानी फेरा हुआ है। आसमान में बादल तो छा रहे है, लेकिन वे बगैर बरसे ही गुजर रहे है। बादलों की वजह से जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ है। किसानों को उम्मीद थी इस साल आषाढ़ में अच्छी बारिश होगी लेकिन आषाढ़ माह में हो रही खंडित बारिश से किसीन का कार्य भी पिछड़ रहा है। किसानों का कहना है कि आषाढ़ माह में बारिश दगा दे रही है जिससे खेती किसानी का कार्य पिछड़ रहा है। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल की सुविधा नहीं है वे रोपाई के लिए अपने खेतों में धान का थहरा तो लगाए हैं लेकिन बारिश नहीं होने से कार्य शुरू नहीं पाए हैं।

### किलों की जगह अब पाव भर से चलाया जा रहा है काम, राहत नहीं

# टमाटर, आलू सहित हरी सब्जियों के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



थाली की शोभा बढाने वाली सब्जियों का स्वाद महंगा हो गया है। बाजार में एक-दो सब्जी ही नहीं बल्कि अधिकांश सब्जियों के दाम बढे हुए हैं। फुटकर बाजार में लौकी, भिंडी, हरी मिर्ची, पालक, टमाटर, करेला सहित अन्य सब्जियों की कीमतें काफी बढ़ गई है। महीने भर पूर्व 10 रूपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 50 रूपए किलो में बिक रहा है। बारिश के मौसम में हर वर्ष सब्जियों के भाव बढते हैं। हरी सब्जियों के भाव 60 से 80 रूपए किलो हो गये है। आलू टमाटर के दामों की वृद्धि लोगों के जेंबों पर भारी पड़ रही है। दूसरी तरफ फुटकर व्यापारियों का कहना है कि थोक में उन्हे सब्जी मंहगी मिल रही है इस लिए उन्हे मंहगा सामान बेंचना पड रहा है। बारिश मे कम ही सब्जियों की पैदावार होती है जबकि खपत उतनी ही बनी रहती है। कुछ सब्जी जैसे शिमला मिर्च, बरबटी, करेला, गिलकी के दाम भी 80 से 90 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। लोकी, तोरई, करेला, बैगन आदि सब्जियो की आवक कम होने से इनके दाम बढ़े हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो अभी एक यही स्थिति रहेगी।

महंगी हरी सब्जियों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। पिछले एक महीने में सब्जियों के दाम दोगुना तक पहुंच गए हैं। सब्जी मंडी में थोक के दामों में हुई बढ़ोत्तरी का असर फुटकर बाजार में पड़ा है। विक्रेता लगभग दोगुनी कीमत में इनको बाजारों में बेच रहे हैं। हरी सब्जियों में महंगाई का तड़का लगने से सबसे ज्यादा गरीब वर्ग परेशान है। सब्जियों के भाव सुनकर खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। किलो की जगह पाव भर से काम चल रहा है।

**फुटकर रेट पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| बैगन | 40 से 50 रुपये |
| पत्ता गोभी | 30 से 40 रुपये |
| आलू | 30 से 35 रुपये |
| टमाटर | 40 से 50 रुपये |
| गोभी | 30 से 40 रुपये |
| लौकी | 30 से 40 रुपये |
| शिमला मिर्च | 60 से 80 रुपये |
| हरी मिर्च | 80 से 100 रुपये |
| हरी धनिया | 80 से 100 रुपये |
| प्याज | 30 से 40 रुपये |

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बारिश शुरू होते ही सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। सब्जियों की आवक कम हो जाती है। एक पखवाड़े में सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। जो सब्जियां अन्य राज्यों से आती है, उनके दाम ज्यादा बढ़े हैं। स्थानीय स्तर पर आवक नहीं होने व बाहर से आने वाली हरी सब्जियां के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है।

# संबल योजना में असंगठित श्रमिकों का होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत पूर्व में असंगठित श्रमिकों की 38 श्रेणियों को सम्मिलित किया गया था। श्रम विभाग के अनुसार 39 श्रेणी पर गिग वर्कर्स को असंगठित श्रमिकों की श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है।

गिग वर्कर्स श्रमिक की श्रेणियों में फूड सप्लाई वितरण सेवा जैसे जोमैटो, स्वीमी, ईट श्योर, फूड पांडा आदि, डिलीवरी बॉय, एसोसिएट, डिलीवरी ड्राइवर जैसे अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, बिग बास्केट, ग्रोवर, जेप्टो, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राइस, मेट्रो, डी- मार्ट आदि को सम्मिलित किया गया है। इसी तरह टेली कॉलर, कॉल सेंटर एसोशिएट, संदेशवाहक, वितरण कोरियर सर्विस सेवा, इलेक्ट्रॉनिक, होम सप्लाइंस सर्विसकर्ता जैसे अर्बन कम्पनी, हाऊस जॉय, रीच यू आदि, कैब टैक्सी ड्राइवर जैसे ओला, उबर, जुगनू आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा मोटरसाइकिल, स्कूटर, ऑटो रिक्शा ड्राइवर जैसे रेपिडो, जुगनू आदि, मालवाहक वाहन चालक डोर टू डोर सप्लाई, कस्टमर कंप्लेंट सर्विस ऑपरेटर, हाऊस कीपिंग सर्विस जैसे अर्बन क्लैप, हाऊस जॉय रीच यू आदि, ट्रांसक्रिप्शन राइटर, एसोशिएट, फ्रीलांस सॉफ्टवेयर डेवलपर, ऑपरेटर जो अनेक नियोजकों के लिए कार्य करते हो, फ्रीलांस एप, ऑनलाइन एडुकेटर्स, ट्यूटर्स अनेक नियोजकों हेतु, फ्रीलांस ग्राफिक डिजाइन के अनेक नियोजकों हेतु और फ्रीलांस ट्रैवल अटेंडेंट गाईड्स एवं संबंधित श्रमिक को शामिल किया गया है। उक्त श्रेणी के अंतर्गत कार्यरत श्रमिक संबल योजना में पंजीयन करवा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### सांसद बी.डी. शर्मा व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों संग सुना पीएम मन की बात प्रसारण

**पन्ना**। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम जहां पन्ना नगर मण्डल के वार्ड नम्बर 25 कुंजवन में बूथ क्रमांक 211 पर कार्यक्रम आयोजित था। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा व पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डे, नगर मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा आदि सभी की उपस्थिति में वार्डवासियों ने जहां पी.एम. मोदी जी के मन की बात का सीधा प्रसारण एल.ई.डी. के माध्यम से सुना। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेतागणों की उपस्थिति वहीं वार्डवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। पी.एम. मोदी जी के मन की बात को लेकर लोगों में उत्सुकता को लेकर यह कार्यक्रम अपने आप में जहां संदेश दे रहा था।

### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**पवई**। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी द आर्ट ऑफ स्पीच कार्यक्रम मनाया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अपने भाषण कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान जैनिश फिजा अख्तर, द्वितीय स्थान प्रियंका तिवारी, तृतीय स्थान अवनी मिश्रा ने प्राप्त किया और कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि ने इंग्लिश के महत्व के बारे में बताया और कहा की इंग्लिश सारे विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है मुहम्मद अजीज खान (एच. एम प्रोग्रेस मिडिल अकैडमी पवई ) ने बताया की ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और अपने कौशल को निखारे और उन्होने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला वही डॉ. धनराज सिंह भदौरिया ने बताया की पढ़ाई के साथ साथ हेल्थ में भी ध्यान दे क्योकी हेल्थ इज वेल्थ । संस्थान संचालक मुहम्मद आसिफ खान ने कहा कि हर इंसान दुनिया में अद्वितीय है इसी के साथ कार्यक्रम में तरुण अग्रवाल, आर्यन सोनी, शुभी सक्सेना मौजूद रहे ।

बारिश के मौसम में तीन माह के लिए लगाई पाबंदी, अब एक अक्टूबर के बाद कर सकेंगे जंगली सफारी

# टाइगर रिजर्व में आज से सैलानियों का प्रवेश बंद

**टाइगर रिजर्व में मानसून गश्ती के लिए तैयारी पूर्ण मानसून में वन्य प्राणियों के शिकार होने की रहती हैं संभावनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए 21 बाघों सहित जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही अभयारण्य में बारिश के मौसम के चलते आज से 1 जुलाई से सैलानियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। आगामी 3 महीने तक टाइगर रिजर्व में सैलानी जंगल सफारी नहीं कर सकेंगे। 1 अक्टूबर के बाद टाइगर रिजर्व सैलानियों के लिए खोला जाएगा। जिसके बाद पर्यटक जंगल सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। दरअसल प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व और अभयारण्यों में बारिश का मौसम शुरू होते ही सैलानियों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। वन्यजीवों के मिलन के सीजन और जंगल के दुर्गम मार्गों की वजह से वन विभाग ऐसा करता है यह पाबंदी तीन माह तक रहेगी।

#### झाड़ियां होने और ट्रैक पर बढ़ जाती है फिसलन

बारिश के मौसम में जंगल की निगरानी मुस्तैदी से नहीं हो पाती। जितनी अन्य महीनों में होती है। जंगल में झाड़ियों के घने होने और बरसाती नालों की वजह से जंगल सफारी के ट्रैक पर फिसलन बढ़ जाती है। जिस कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा रहता है साथ ही इन दिनों तीन महीने तक बाघों सहित अन्य जानवरों का मूवमेंट रहता है।

#### लाठी डंडे के सहारे होगी मानसून गश्त

वही मानसून में बाघ समेत अन्य वन्य प्राणियों के शिकार होने की संभावनाएं रहती है इस दौरान टाइगर रिजर्व में लंबी घास ऊग जाने के कारण बाघ और अन्य वन्य प्राणी आसानी से नजर नहीं आते हैं इसी का फायदा उठाकर शिकारी घात लगाकर वन्य प्राणियों का शिकार करने की तलाश में रहते हैं शिकार होने की संभावनाओं को देखते हुए तीन माह तक टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा गश्ती पर टाइगर



रिजर्व में विशेष ध्यान देगा हालांकि मानसून के दौरान इन तीन महीने तक कभी भी कोई शिकार जैसी घटनाएं सामने नहीं आई है फिर भी टाइगर रिजर्व का अमला लाठी डंडे के सहारे टाइगर रिजर्व में पैदल गश्त करेगा गश्ती के दौरान हाथियों का भी उपयोग किया जाता है।

#### झापन को छोड़कर सभी रेंजों में बाघों का मूवमेंट

टाइगर रिजर्व में सुरक्षा को लेकर फिक्र और पुख्ता इंतजाम करने का एक बड़ा कारण बाघों का मूवमेंट है जानकारी के अनुसार वर्तमान में ज्यादातर बाघों का मूवमेंट झापन रेंज को छोड़कर टाइगर रिजर्व बाकी सभी रेंजों में देखा गया है। खासकर बांधवगढ़ से जो नया जोड़ा छोड़ा गया था उसने अपनी टेरिटरी में भी इजाफा किया है। यही कारण है कि बरसात में बाघों की सुरक्षा को लेकर काफी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

#### दमोह जिले की सीमा में बाघिन कजरी

वहीं टाइगर रिजर्व में बीते दो महीने पहले 28 मार्च को बांधवगढ़ से लाकर टाइगर रिजर्व में छोड़े गए बाघ बाघिन ने अपना ठिकाना तो बना लिया है लेकिन बाघिन का आए दिन ठिकाना छोड़कर यहां वहां नजर आती रहती है शुरुआत से ही बाघिन कजरी दमोह जिले की सीमा में 10 दिन तक अपना डेरा डाले रही उसके बाद बाघिन को पकड़कर द्वारा टाइगर रिजर्व की सर्रा रेंज की सीमा में छोड़ा गया था जहां शंभु नामक बाघ और कजरी नामक बाघिन ने अपना ठिकाना बना लिया था लेकिन बाघिन कजरी लगातार अपना ठिकाना बदल रही है जहां बीते दिनों दमोह जिले की तारादेही वन परिक्षेत्र की कोसमदा के आसपास देखा गया था जहां वन अमले द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए सुरक्षित रहने की सलाह दी थी।

#### 40 पेट्रोलिंग कैंप, संसाधन उपलब्ध हुए

टाइगर रिजर्व के नौरादेही वन मंडल में 40 पेट्रोलिंग कैंप तैयार हैं। यहां कर्मचारियों को रहने. खाने के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया कि पेट्रोलिंग कैंप में 40 हैं। आंतरिक इलाकों में कच्चे रास्तों से वाहनों की आवाजाही बंद हो जाती है। इस दौरान पेट्रोलिंग कैंप के कर्मचारी ही सुरक्षा संभालते हैं। गस्ती के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। अंसारी ने बताया कि आने वाले समय में पेट्रोलिंग कैंप 40 से 100 तक करने का लक्ष्य है।

#### 100 अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की लगेगी ड्यूटी

मौजूदा समय में टाइगर रिजर्व के पास करीब 200 सुरक्षा कर्मियों को बल है। हालांकि बारिश में स्थितियां बदल जाती हैं और इस दौरान अतिरिक्त सुरक्षा कर्मचारियों की जरूरत होती है। इस बार टाइगर रिजर्व प्रबंधन समितियों के माध्यम से 100 पेट्रोलिंग श्रमिक ले रहा है। इन कर्मचारियों की करीब 3 महीने की अंशकालिक ड्यूटी टाइगर रिजर्व में लगेगी। इन्हें खास ट्रेनिंग भी दी गई है।

#### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डीएफओ डॉ एए अंसारी ने बताया कि सैलानियों के लिए तीन महीने तक टाइगर रिजर्व बंद रहेगा एक अक्टूबर से फिर सैलानी बाघों का दीदार कर सकेंगे बारिश के मौसम में जंगल में के कच्चे रास्ते छतिग्रस्त हो जाते हैं जिससे वाहनों से गश्ती संभव नहीं होती है इसलिए पैदल गश्ती पर जोर दिया जाता है इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है पेट्रोलिंग कैंप तैयार है बाघों का मूवमेंट जिन इलाकों में है वहां सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

### पर्यटन क्विज के लिए ऑनलाइन पंजीयन 8 जुलाई तक

**दमोह**। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने समस्त शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी व सीबीएसई विद्यालय के प्राचार्यों से कहा हैं मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों पर्यटन महत्व की संभावना आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज का आयोजन किया जा रहा है। क्विज में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते है। विद्यार्थियों की टीम का पंजीयन 8 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन किये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा ने बताया अभी तक जिले की 57 टीमों ने अपना पंजीयन कर दिया है। इच्छुक विद्यालयों द्वारा अपने विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की तीन सदस्य टीम गठन का दायित्व विद्यालय प्राचार्य प्रबंधन का होगा। जिसके लिए विद्यालय प्राचार्य द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं क्विज माध्यम से 3 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर टीम गठित की जाएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि इसके लिए निर्धारित लिंक पर विद्यार्थी का ऑनलाइन पंजीयन निर्धारित दिनांक के पूर्व करना सुनिश्चित किया जाये। इस संबंध में सम्पूर्ण जानकारी जिला क्विज मास्टर मोहन राय ने प्रदान की हैं।

# जटाशंकर मुक्तिधाम में चलाया गया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अभी तक चार जगह सफाई अभियान चलाया गया है। इसकी शुरुआत फुटेरा तालाब से की गई थी, फुटेरा तालाब के बाद बेलाताल, बेलाताल के बाद पुरैना तालाब और यह आज हमारा लगातार चौथा कार्यक्रम जटाशंकर मुक्तिधाम में हुआ है। सुबह 7 बजे का समय था, लेकिन बहुत से लोग सुबह 6:30 बजे ही आ गए थे और उन्होंने सफाई शुरू कर दी थी। आज शमशान घाट के परिसर और आसपास की जगह को साफ किया गया है, झाड़ियां हटाई गई है और पूरी साफ-सफाई की गई है। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जटाशंकर मुक्तिधाम में सफाई अभियान के दौरान कही। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अगला कार्यक्रम वाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम हटा नाका में होगा और उसमें लगभग 25 से 30 पौधों का पौधारोपण भी साथ में किया जाएगा। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा अगले



रविवार को भी सुबह 7 बजे से 9 बजे तक इस कार्यक्रम में सभी सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता निभाएं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज के कार्यक्रम में दो छोटे बच्चे भी सम्मिलित हुए, उन्होंने भी आकर श्रमदान किया है, रविवार की सुबह थी स्कूल नहीं था यह बच्चे सो सकते थे, लेकिन इन्होंने घर पर सोने की बजाय यहां पर आना अच्छा समझा और यहां पर आकर काम किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कोचर ने इनका और इनके परिजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा परिजन इन्हें लेकर के आए और इन्हें श्रम का महत्व समझाया सभी का बहुत आभार, जो यहां पर लगातार आते हैं, कुछ लोग बिना आमंत्रण के स्वप्रेरणा से आते हैं, वह शहर के प्रति अपनी जागरूकता का प्रदर्शन करते हैं। तीन पाषर्दगण भी मौजूद है, यहां के पार्षद लगातार कार्यक्रमों में आ रहे हैं, तीनों पार्षद स्वप्रेरणा से आए हैं, उनके प्रति भी खुशी व्यक्त की । उन्होंने कहा उनके आने से इस कार्यक्रम को नई ऊर्जा मिली है। सभी पार्षदगणों से भी आग्रह है कि जिन-जिन के क्षेत्र है, वह वहां पर जरूर आए और जब यहां आते हैं तो कई सारे विषय पर चर्चा हो जाती है, जैसे की आज चर्चा हुई थी कि यहां के लिए सांसद निधि से 18 लाख रुपए स्वीकृत हुए है, इसके लिए मैंने सीएमओ नगर पालिका से कहा है कि जितना जल्दी हो सके टेंडर कर के यहां के सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया जाये। सिविल वार्ड 1 के पार्षद रमेश राठौर ने बताया कलेक्टर सर द्वारा यहां पर सफाई अभियान चलाया गया है, यह बहुत सराहनीय काम है, मैं कलेक्टर सर को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इस वार्ड के पार्षद रघु भाई के लिए, पार्षद हेमराज और जिन्होंने भी यहां आकर अपना सहयोग किया है मैं उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा मैं चाहता हूं कि हर रविवार को सभी लोग आकर ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करें जिससे कि हमारे दमोह को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। जैसा कि कलेक्टर सर ने बताया कि अगला कार्यक्रम वाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम में रखा गया है, जैसे यहां के आसपास के पार्षद कार्यक्रम में शामिल हुए हैं वैसे ही वहां के आसपास के पार्षद वहां पर आकर ऐसा ही सहयोग करें।

## झरौली की अति प्राचीन मूर्ति पहुंची पुरातत्व संग्रहालय

**दमोह**। जिले के बनवार क्षेत्र के ग्राम झरौली से एक अति प्राचीन पाषाण प्रतिमा लगभग 6 अवशेषों में दमोह भेजी गई। राजस्व विभाग की टीम और स्थानीय सरपंच के द्वारा मूर्ति के 6 भाग रानी दुर्गावती पुरातत्व संग्रहालय भेजे गए। ज्ञात हो कि कल कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ग्राम झरौली के भ्रमण पर गये थे, यहां के ग्रामीणजनों ने मूर्ति संरक्षण की बात कही थी। रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के डॉ सुरेंद्र चौरसिया ने बताया यह मूर्ति प्राचीन है। प्रथम दृष्टया यह वराह की प्रतिमा प्रतीत हो रही हैं। मूर्ति के संबंध में अभी और तथ्य तलाशे जाएंगे, इसके बाद मूर्ति कौन सी है यह जानकारी प्राप्त होगी। ग्राम के सरपंच देवी सिंह लोधी, आर आई बनवार रितेश खरे, झरौली हल्का पटवारी कुलदीप मिश्रा, पटवारी हर्षवर्धन ठाकुर व मनीष विश्वकर्मा एवं ग्रामीणजन यह मूर्ति लेकर पहुंचे। इस दौरान उत्साह से भरे हुए इन सभी ने रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में रखी मूर्तियों का अवलोकन भी किया ।



## सेवा सप्ताह के समापन पर किया श्रमदान



**हटा**। विष्व हिन्दु परिषद व बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के समापन पर रविवार को नगर के गौरीशंकर मुक्तिधाम में कार्यकर्ताओ ने समाजसेवियों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए पौधरोपण किया।उल्लेखनीय है कि बजरंगदल व विष्व हिन्दु परिषद द्वारा विगत एक सप्ताह से नगर के धार्मिक स्थलों अस्पताल एवं सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया।वहीं समापन के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विधायक उमादेवी खटीक की उपस्थिति में मुक्तिधाम के समाजसेवियों के साथ मिलकर संपूर्ण परिसर में साफ-सफाई कर 30 पौधो का रोपण किया गया एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर मनीष पलया भोले सराफ शिवशंकर कुशवाहा सुशील सेलट गुड्डु गुप्ता बबलू राय पुष्पेन्द्र पांडे राजाराम गोस्वामी अषोक चंपी चौरसिया अंचल जैन बद्री प्रजापति राजाबाबू विश्वकर्मा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## एक क्विंटल 7 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 21 लाख 50 हजार रूपये जब्त करने की कार्यवाही की सफलता पन्ना पुलिस के हाथ लगी

**2 आरोपियों सहित 1 विधि विरूतद्ध बालिका पर की गई कार्यवाही**

विगत 08 माह मे पन्ना पुलिस द्वारा गाँजा तस्करो के विरुद्ध कुल 31 प्रकरण दर्ज कर 66 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 07 क्विंटल 45 कि.ग्रा. गाँजा कीमती करीब 01 करोड़ 50 लाख रूपए का किया गया जप्त। वहीं जिले में किस तरह से अवैध तरीके से मादक पदार्थ को व्यवसाय की तर्ज में लाभ अर्जित करने को लेकर समाज में नशे का कार्य करने को लेकर प्रयास किये जा रहे है। जिस पर पन्ना पुलिस पुलिस अधीक्षक साईकृष्ण एस. थोटा के मार्गदर्शन पर जहां अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर रही है। वहीं सतत कार्यवाहियों से जहां लोगों पर कार्यवाही के साथ उन्हें सलाखों के पीछे भेजने के लिए पुलिस की कार्यवाही चर्चा थाना शाहनगर पुलिस की कार्यवाही।

**पन्ना**। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर में चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले में मादक पदार्थ की खेती, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी शाहनगर को दिनाँक- 28/06/2024 को मुखविर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुपना में बहेलियों के एक घर में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बेचने के उद्देश्य से छिपा कर रखा हुआ है, थाना प्रभारी शाहनगर के द्वारा उक्त मुखबिर सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन मे अनुभाग स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम बिना देरी किए तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुची जहाँ पुलिस टीम को देखकर दो व्यक्ति एवं एक बालिका भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें हमराह स्टाफ एवं गवाहों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया और नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम निरजेश, किरकन बहेलिया एवं एक विधिविरूध्द बालिका होना बताया गया। आरोपियों के घर की तलाशी लेने पर आरोपियों के घर से 03 प्लास्टिक की बोरियों मे कुल अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) 107 किलो 500 ग्राम कुल कीमती करीबन 21 लाख 50 हजार रूपये का होना पाया गया जिसे जप्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गाँजा के संबध मे पूछतांछ किए जाने पर आरोपियों के द्वारा बताया गया कि उक्त गाँजा उडीसा से 02 अन्य व्यक्तियों के साथ सस्ते दामो मे बिक्रय हेतु लाया गया है। आरोपियों के विरूध्द थाना शाहनगर मे अपराध क्रमांक 208/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. निरजेश पिता क्रमताल बहेलिया उम्र 20 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना
2. किरकन बहेलिया पिता राजकुमार बहेलिया उम्र 24 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना
3. एक विधिविरूध्द बालिका हाल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना

**फरार आरोपी**

01. रखरू पिता नुक्ति उम्र 25 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर

**डाइट व्याख्याता की सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान समारोह**

# शिक्षक को समाज की हर पीढ़ी देती है सम्मानः राजीव शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

डाइट शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रहे मनोज जैन की सेवा निवृति पर रविवार को डाइट के सभागार कक्ष में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त आईएएस राजीव शर्मा के विशिष्ट अतिथि व विधायक उमादेवी खटीक, साहित्यकार शिक्षाविद् डॉ श्यामसुंदर दुबे के मुख्य आतिथ्य में किया गया जहां आईएएस राजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोग बड़े-बड़े पदों पर रहकर सेवानिवृत्त हो जाते हैं लेकिन उसके बाद उन्हें कोई राम-राम भी नहीं करता मगर सरकार के सभी विभागों में से एक शिक्षा विभाग ही ऐसा है कि शिक्षक का सम्मान समाज की हर पीढ़ी में लोग करते हैं। उन्होंने कहा कि




अंग्रेजी हुकूमत के पूर्व जब राजा महाराजाओं की सल्तनत थी तब भी राजा से बड़ा पद गुरु का माना जाता था, अनादि काल से ही गुरु शिक्षक समाज में सर्वोपरि माना जाता है। शर्मा जी ने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति का बड़े पद पर पहुंचना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन अपने सेवा काल के उपरांत ससम्मान निकालना बहुत बड़ी सफलता है, नगर में समाज के बीच प्यार दुलार के भाव से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त होना गौरव की बात है। इसके पूर्व डॉक्टर श्यामसुंदर दुबे ने भी शिक्षक का समाज में प्रतिष्ठित व सम्माननीय होता है शिक्षक ही छात्र के भविष्य का निर्माण करता है। वहीं कार्यक्रम के अंत में अपनी शासकीय सेवा से निवृत्त हो रहे मनोज जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी अधिकारियों मित्रों हुआ नगर के लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके उपरांत उपस्थित लोगों द्वारा मनोज जी का शाल श्रीफल पुष्प मालाओं से स्वागत किया एवं डाइट परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, पूर्व विधायक डॉ विजय सिंह राजपूत, लालचंद खटीक, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद जैन, डाइट प्राचार्य एस के मिश्रा, पूर्व प्राचार्य व्ही के दवे,एके सिंह, शिक्षक माधव पटेल, आर्टिस्ट मनोहर काजल व नगर के गणमान्य नागरिकों के अलावा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## सब-जेल हटा में लगा स्वास्थ शिविर




**हटा**। सबजेल हटा में बंसल हास्पिटल सागर के सौजन्य से रविवार को निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन माननीय न्यायाधीष देवेन्द्र अतुलकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें हृदय रोग विषेषज्ञ डां.रीतेष रावत मनोचिकित्सक डां.एम जोनीसार ने जेल में निरूद्व बंदियों का चिकित्सीय उपकरणों के माध्यम से परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान सब जेलर नागेन्द्र चौधरी सिविल अस्पताल हटा से डां.उमाशंकर पटैल पुष्पेन्द्र नामदेव बृजेन्द्र यादव एवं स्टॉफ की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### नदियों व रेत खदानों से रेत उत्खनन प्रतिबंधित

**दमोह** । मौसमी परिस्थितियों के आधार पर दमोह जिले में सभी नदियों व रेत खदानों पर उत्खनन प्रतिबंधित सम्बन्धित आदेश जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जारी किए हैं। आदेश अनुसार मानसून अवधि 30 जून 2024 की मध्य रात्रि से 1 अक्टूबर 2024 तक जिले में सभी नदियों व रेत खदानों से उत्खनन पर प्रतिबंध रहेगा।

### अप डाउन संस्कृति पर रोक लगे

**पथरिया।** जिला कलेक्टर से मांग है कि अनुविभाग मुख्यालय होने के बाद भी प्रमुख अधिकारी मुख्यालय पर निवास ना बनाकर जिला मुख्यालय पर निवास बनाए हुए हैं जिससे वह कार्यालयीन समय सुबह 11 से 5 रहते हैं कई बार शासन के निर्देश जारी हुए लेकिन कोई असर नही हुआ। शासन के निर्देश के बाद भी कोई बदलाव नहीं दिख रहा शासकीय द्वारा अधिकारियों को क्षेत्र में दौरा करने के लिए वाहनों की सुविधा दी लेकिन अधिकारी अप डाउन करते हैं ऐसे में समय पर निरीक्षण कैसे संभव है जिला प्रशासन द्वारा 1 जुलाई से सार्थक एप चालू किया अब देखना होगा इसके बाद क्या सुधार हो पा रहा है कलेक्टर से क्षेत्र की जनता अपेक्षा करती है कि शायद अब कुछ बदलाव हो और अनुविभागीय मुख्यालय पर पदस्थ अधिकारी मुख्यालय पर निवास बनाकर रहेंगे। ऐसी जनापेक्षा है।

### विद्युत समस्या निराकरण सबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज माँगज वार्ड नंबर 05 पहुँचे। उन्होंने यहां मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों को विद्युत समस्या निराकरण के सबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

### यह है विद्युत विभाग के मेंटनेंस के हाल

# सड़क किनारे बांस-बल्ली के सहारे विद्युत आपूर्ति, संकट में ग्रामीणों की जान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार**





बिजली कंपनी के द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली देने के नाम पर सेवा शुल्क की खूब वसूली की जाती है लेकिन जहां सुविधाओ की बात की जाए तो बिजली कंपनी के पास ट्रांसफार्मर से घरेलू कनेक्शन धारकों तक बिजली पहुंचाने के लिए न तो बिजली पोल खड़े किए जाते और न ही बिजली लाइन खींची जाती ऐसे में मजबूर उपभोक्ता ट्रांसफार्मर से सीधे बांस बल्लियों घरों तक डोरी खींचकर बिजली के जाते है। इस खतरनाक स्थिति में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मामला है बनवार विद्युत वितरणकेंद्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना मानगढ़ का जहां सड़क किनारे का जहां ट्रांसफार्मर से बांस बल्लियों के सहारे डोरियो का मकड़जाल फेला हुआ है। आबादी क्षेत्र में मुख्य सड़क मुख्य रास्तों में यह खतरनाक स्थिति बनी हुई है। लोगों के घरों में कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन तार ले जाने के लिए पोल नहीं लगाए गए है इसका नतीजा है कि बांस-बल्ली के सहारे लोगों के घरों तक डोरी का मकड़जाल फैलाए हुए है जिससे वर्षा के दिनों में करंट लगने का खतरा बना रहता है। महेंद्र सिंह है यह समस्या पूरे गांव में बनी हुई है। कई बार बिजली पोल लगवाने के लिए कहा जा चुका है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। तेज हवा चलते ही डोरी टूट जाती हैं और लोगों के घरों की बिजली गुल हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की मंशा है कि हर घर में बिजली पहुंचे ,लेकिन विभाग उसके इस मंशा पर पानी फेर दे रहा है। सभी लोगों को बिजली कनेक्शन दिया गया और बिजली बिल भी बसूला जाता सेवा शुल्क भी बिल में ऐड किया जाता है। लेकिन जब बिजली पोल लाइन तक घरेलू उपभोक्ताओं को नहीं दी जाती तो फिर किस बात का सेवा शुरू किया जाता है। समझ से परे है ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से बिजली पोल लगाकर बिजली लाइन के जरिए घरेलू उपभोक्ताओं के घर तक विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जाना चाहिए लेकिन ऐसा बिजली विभाग के द्वारा नहीं किया जाता है।

# निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के गड्ढे में गिरी बाइक एक की मौत, एक गंभीर

### बांदकपुर रेलवे फाटक पर हादसा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार**



दमोह कटनी हाईवे के बांदकपुर चौराहे के रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के गड्ढे में बाइक सवार दो युवकों के गिरने से एक की मौत हो गई ,वही दूसरा युवक गंभीर है। दर्दनाक सड़क हादसा शनिवार की देर रात्रि का बांदकपुर रेलवे फाटक चौराहे का बताया जाता है। जिसमें रेलवे ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है जिनके द्वारा सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे जिसका नतीजा है कि दो बाइक सवार रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए खोदे गए पिलर के गड्ढे में गिर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनवार निवासी युवक राहुल महोबिया अपने दोस्त निर्पत सिंह के साथ बाइक से बांदकपुर गया था और बांदकपुर चौराहे से रात्रि में लौट रहा था। उसी वक्त देर रात्रि उसकी बाइक रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण के लिए खोदे गए पिलर के गड्ढे में गिर गया। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार राहुल महोबिया पिता उत्तम चंद उम्र 29वर्ष की मौत हो गई और बाइक के पीछे बैठा दूसरा युवक निरपत सिंह गंभीर रूप से घायल है। जिन्हे दमोह चिकित्सालय से जबलपुर रेफर किया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। बांदकपुर पुलिस ने सुबह मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के पीछे की वजह जानने की कोशिश की जा रही है। हादसे में युवक की मौत बाइक गड्ढे में गिरने की वजह से हुई है य फिर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। वही प्रधान आरक्षक भगवान दास महोबिया के द्वारा मर्ग पंचनामा पीएम कार्यवाही के वाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है । वही जैसे ही इस दर्दनाक हादसे की खबर बनवार ग्राम तक पहुंचती है गांव का माहौल गमगीन हो गया वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# धरती की सजावट वृक्षों से है, इस अभियान में सरकार का साथ दें और बढ़चढ़कर हिस्सेदारी करें : कलेक्टर

**वृक्षारोपण की थीम एक वृक्ष माँ के नाम और एक वृक्ष माँ के साथ अभियान 15 जुलाई से प्रारंभ**

**दमोह।** इस बार दमोह का तापमान 45 से 47 डिग्री तक चला गया था, तो हमें वृक्षों को धरती का आभूषण बनाना है, हम खुद के लिए तो बहुत आभूषण बनवाते हैं, खरीदते हैं और उसको पहन करके जाते हैं, लेकिन धरती की सजावट वृक्षो से है, तो वृक्षारोपण के इस अभियान में सरकार का साथ दें और बढ़कर हिस्सेदारी करें। जिले में वर्षा ऋतु का आगमन हो गया है और वर्षा ऋतु के आगमन के साथ एक बड़ी एक्टिविटी हम करते हैं, जो गतिविधि लेते है, वह वृक्षारोपण है। इस बार प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी द्वारा वृक्षारोपण की जो थीम ली गई है, एक वृक्ष माँ के नाम और एक वृक्ष माँ के साथ। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित वृक्षारोपण संबंधी बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, सीईओ जनपद, एनजीओ एवं सामाजिक संस्थाओं सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में सरकार के और समाज के



प्रयासों से हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर सकें, इसके लिए एक बहुत डिटेल कार्य योजना बनाई है, इसमें दो-तीन तरह के काम किए जाएंगे, पहला जितने सरकारी परिसर है, जिसमें वन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के परिसर या छात्रावास या कोई भी शासकीय कार्यालय उसके आसपास वृक्षारोपण का प्लान किया है। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस वृक्षारोपण से सभी जुड़ सकते हैं इसके अलावा दूसरे तरह का वृक्षारोपण भी किया जायेगा जैसे जो सार्वजनिक स्थान है, शमशान घाट, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थान जहां पर खाली जमीन पड़ी हुई है और जो किसी काम में नहीं आ रही है, उन जगहों पर वृक्षारोपण का प्लान आमजन के सहयोग से किया जायेगा। उन्होंने कहा स्मृतिवन विकसित करने की योजना हैं, जिसमें अपने पूर्वजों की याद में वृक्ष लगा सकते हैं, उसके लिए भी प्लानिंग है और जल्दी ही बताएंगे कि कहां पर वह वृक्षारोपण होगा। इसी प्रकार खुद अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक स्वयं वृक्ष लगाएं, उसकी फोटो खींचे और पोर्टल पर अपलोड करें। इसके लिए एक और व्यवस्था कर रहे हैं कि थोड़े समय के बाद यहां पर वन विभाग के सहयोग से एक मोबाइल वाहन यहां पर चलेगा, जिसमें की बहुत कम दरों पर वृक्ष और पौधे आपको उपलब्ध होंगे, यह पौधे खरीद सकते हैं और उन्हें लगा सकते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शीड बॉल बनाने का काम, जिसको साधारण हिंदी में बीज बम यानी की मिट्टी का ऐसा गोला जिसमें आम की गुठली, निबोली का बीज, जामुन की गुठली और अलग-अलग तरह के बीज रख सकते हैं और उन शीड बॉल को अलग-अलग जगहों पर बिखरा सकते है, जैसे कि पहाड़ों पर, मैदानों में बिखरा सकते हैं और वर्षा का पानी आने के बाद वे बीज रोपित हो सकते हैं, इस तरह का काम भी इसमें लिया गया हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने माता-पिता की स्मृति में या माता-पिता के साथ वृक्षारोपण करिए और उसकी फोटोग्राफ लीजिए और पोर्टल पर अपलोड कीजिये। सरकार जो आयोजन कर रही है इसमें भी आपको आमंत्रित करेंगे आप अपने माता-पिता के साथ आईये और वृक्षारोपण करने का काम कीजिये। इसके अलावा अपने स्तर पर स्वयं भी पौधे खरीद कर उनको अपने घर के सामने या अन्य जगहों पर लगा सकते हैं। इस अभियान को 15 जुलाई से बहुत तेजी से प्रारंभ किया जाये और इसके बारे में आगे की सूचनाएं समय-समय पर दी जायेंगीं।

### आदिवासी शोकाकुल परिवार से मिले राज्यमंत्री

**दमोह** । प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार लखन पटेल पथरिया पहुँचे। यहाँ से राज्यमंत्री श्री पटेल जमुनिया में आदिवासी परिवार के घर पहुँचे, शोक संवेदनाएं व्यक्त की। साथ ही राहत राशि के सबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पथरिया विधानसभा के ग्राम जमुनिया में आदिवासी परिवार के दो बालिकाओं की तालाब में डूबकर असमय मृत्यु हो गई थी।

# छह प्लांटेशन क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ

**तेजगढ़।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ हो गया जो लगभग छह प्लांटेशन में वृक्षारोपण किया जाना है। वृक्षारोपण जिन स्थान पर होना है उनमें सिमरिया, भैंसखार, करणपुरा ,जलहरी , पांजी और पटेरिया में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाना है। जिनमें लगभग 90000 पौधों का वृक्षारोपण परिक्षेत्र अंतर्गत किया जाएगा । तेजगढ़ बन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने बताया कि इस मौसम में जब वर्षा ऋतु आती है तब



पौधारोपण का कार्य वन विभाग द्वारा किया जाता है । चूंकि वन विभाग द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य कर जंगलों को हरा-भरा करते है इसलिए यह कार्य बहुत ही तकनीकी पूर्ण होता है। वृक्षारोपण स्थल पर चेक डैम पर पार्कोलेशन टैंक , गैबियन स्ट्रक्चर और पौधों के गढ्ढों के माध्यम से लाखों लीटर पानी भूमिगत पहुंचाया जाता है जिससे भूमिगत जल का स्तर बढ़ता है। इस संबंध में वन विभाग कभी इसका श्रेय नहीं लेता परंतु भूमिगत जल को बढ़ाने के लिए वन विभाग द्वारा बहुत ही अनूठे प्रयोग किया जाता है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ किसान को मिलता है एवं अगले वर्षों में देखने को मिलता है। आसपास के गांव के खेतों कुंए में जल का स्तर बढ़ जाता है। जिसका लाभ किसानों को भी मिलता है। श्री साहब ने कहा उदाहरण के तौर पर लें जैसे एक गड्ढा एक पौधा लगाने के काम आता है परंतु उसे गड्ढे में दो से तीन बार पानी भरने के बाद पौधा लगाया जाता है लगने के बाद भी गड्ढे के माध्यम से बहुत सारा भूमिगत जल जमीन के अंदर जाता है । पूरे वन मंडल में इस वर्ष 8 लाख पौधों का रोपण किया जाना है। 8लाख पौधे मतलब 8 लाख गड्ढे और 8 लाख गड्ढे के हिसाब से यदि इसका गणना की जाए तो करोड़ों लीटर पानी जमीन के अंदर वन विभाग द्वारा पहुंचाया जाता है जिसका श्रेय नहीं लिया जाता । जैसा कि राजीव गांधी जल ग्रहण मिशन के अंतर् अंतर्गत विभिन्न कार्य किए जाते हैं परंतु यह वन विभाग द्वारा किया गया अप्रत्यक्ष कार्य है जिसको सरकार की नजर में लाना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार से वन परिक्षेत्र तेजगढ़ अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। वृक्षारोपण स्थल पर आकर एक पौधा मां के नाम पर लगाएं। रेंजर नीरज पांडे ने कहा कि स्वस्थ अच्छा रखने के लिए प्रदेश की उन्नति वायु को शुद्ध बनाने के लिए भीषण गर्मी से बचने के लिए जीवन स्वस्थ रखने के लिए एक ही उपाय है। समस्त व्यक्तियों से अनुरोध है कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने पर अपने घरों के आसपास खेतों पर जहां मनचाहे वहां पर एक पौधा अवश्य लगाए । जंगल को सुरक्षित रखें, जंगल में अवैध कटाई ना करें।

### निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागर जी महाराज ससंघ का कुंडलपुर से हुआ विहार....

# बड़े बाबा मंदिर परिसर में श्रीधर केवली के चरण चिन्ह स्थापित



**कुंडलपुर से हुआ विहार**



संत शिरोमणि आचार्य भगवंत श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक एवं अभिनव आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री योगसागर जी महाराज ससंघ एवं मुनि श्री महासागर जी महाराज ससंघ, आर्यिका श्री सौम्यमति माताजी ससंघ, आर्यिका श्री अकम्पमति माताजी ससंघ, आर्यिका श्री वैराग्यमति माताजी ससंघ का मंगल विहार 30 जून को सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से हुआ।


**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंडलपुर**

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में महासमाधि धारक युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के पावन दीक्षा दिवस के अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं ससंघ सानिध्य में कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र से मोक्ष पधारे श्रीधर केवली भगवान के चरण चिन्ह कुंडलपुर में बड़े बाबा जिनालय परिसर में स्थापित किए गए । चरण स्थापित करने वालों में महेश दिगंबर दमोह, अभय बनगांव, अनिल नायक भोपाल, प्रतिभास्थली की बहने जबलपुर, अजय निरमा जबलपुर, इंजीनियर आरके जैन दमोह। चरण चिन्ह का अभिषेक करने वालों में अशोक सराफ, सुधीर जैन सिवनी ,संतोष सिंघई दमोह ,रूपचंद गौरव जैन दमोह। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की आहारचर्या अशोक सराफ पटेरा के चौके में संपन्न हुई।

# आत्मानंद महामंडलेश्वर होंगे, 14 जुलाई को पट्टा रोपण

### पथरिया के लखरोनी में जूना अखाड़े के संतों की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**



आत्मानंद महाराज महामंडलेश्वर के रूप में मनोनीत होने जा रहे हैं 14 जुलाई को मध्य प्रदेश के दमोह जिले के अंतर्गत आने वाले पथरिया के ग्राम लखरोनी मैं आयोजित भव्य धार्मिक आयोजन के दौरान पट्टा रोहण किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जहां मनोज देवलिया ने आयोजन के प्रयोजन के संबंध में विस्तार से बात रखते हुए सभी से कार्यक्रम में उपस्थित की प्रार्थना की वही आत्मानंद महाराज ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। आत्मानंद महाराज ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मैं नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराना और शंकराचार्य के द्वारा प्रश्न चिन्ह अंकित करना दुर्भाग्य जनक रहा। इसी बात से दुखी होकर मैंने सभी का विरोध किया था श्री राम लला सभी के हैं और इसका विरोध शंकराचार्य एवं विरोधियों के द्वारा किया जाना सही नहीं था। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही शाश्वत सत्य है धर्म है बाकी सभी पंथ है। श्री राम मंदिर के गर्भ ग्रह में पानी टपकने की बात को उन्होंने नकारते हुए कहा लगातार भ्रम फैलाने की स्थिति बनाई जा रही है जो सही नहीं है मंदिर में ईट कार्य का कोई उपयोग नहीं किया गया है मंदिर की गुंबद पर जो प्रकाश के लिए खिड़की बनाई गई है उसे कुछ बारिश का पानी आया है। आत्मानंद महाराज के द्वारा देव जागेश्वर नाथ मंदिर बांदकपुर कॉरिडोर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए कहा मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन धर्मस्य और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा बजट उपलब्ध करा दिया गया है अब हम सब की जिम्मेदारी है कि निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई के बाद मैं स्वयं बांदकपुर जाकर कॉरिडोर निर्माण में आने वाले व्यवधान को दूर करने के लिए प्रयास करूंगा। उन्होंने 14 जुलाई को पथरिया के ग्राम लखरोनी में आयोजित धार्मिक आयोजन में सभी पत्रकारों की उपस्थिति के लिए आग्रह किया।

# आचार्यश्री विद्यासागरजी का 57वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**



दमोह के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 57 वा मुनि दीक्षा दिवस भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज एवं मुनि श्री सुब्रत सागर जी महाराज का मंगल सानिध्य सभी को प्राप्त हुआ। जैन धर्मशाला में प्रातः बेला में आचार्य श्री की भक्ति भाव के साथ अष्ट द्रव्यों से पूजन की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नई शिक्षा सत्र में स्कूल जाने वाले बच्चों की भी मौजूदगी रही जिनको मुनि संघ के सानिध्य में मंदिर आने भगवान के दर्शन करने समय अनुसार अभिषेक पूजन करने रात्रि भोजन का त्याग करने जैसे नियमों की जानकारी देकर संस्कार प्रदान किए गए। आचार्य श्री की 57 दीपक से आरती का सौभाग्य नवकार महिला मंडल को प्राप्त हुआ। मुनि श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य ठेकेदार रमेश जैन भिड़ा वाले परिवार तथा बालिका मंडल को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री सुब्रत सागर जी महाराज ने कहा कि आचार्य श्री के बिना यह पहला मुनि दीक्षा दिवस है। उन्होंने बताया कि तिथि के अनुसार भले ही यह दिन 11 जुलाई को आने वाला हो लेकिन तारीख के अनुसार तारीख के अनुसार 30 जून 1968 को अजमेर नगर में आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज ने श्री विद्या सागर जी को मुनि दीक्षा प्रदान की थी। मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज ने आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कुछ समय के लिए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आचार्य पद तो बहुत साधुओं को प्राप्त हुआ है लेकिन आचार्य विद्यासागर जी कोहिनूर हीरा की तरह ऐसे आचार्य थे जिनको आचार्य पद नहीं बल्कि यह आचार्य पद को सुशोभित करते थे। धर्म सभा में बनारस से आए भक्त जनों के द्वारा मुनि संघ के समक्ष श्रीफल भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री राजकुमार जैन रानू के द्वारा किया।